इंडियन स्टार टॉरटॉइज़

स्रोत: द हिंदू

इंडियन स्टार टॉरटॉइज़ (*Geochelone elegans*) के समक्ष आवास की हानि, अवैध व्यापार तथा आनुवंशिक व्यवधान के कारण गंभीर संकट होने से इसके संरक्षण को प्राथमिकता देना आवश्यक हो गया है।

- **संरचना:** इसका **आवरण ओब्सीडियन** है जिस पर **सन-यलो स्टार पैटर्न** बने हुए हैं।
- **आवास स्थल:** यह **भारतीय उपमहाद्वीप का स्थानिक** होने के साथ **उत्तर-पश्चिमी भारत, दक्षिण भारत तथा श्रीलंका के** शुष्क घास के मैदानों एवं सवाना क्षेत्रों में मिलता है।
- **संरक्षण स्थिति:** IUCN रेड लिस्ट में **सुभेद्य** तथा **CITES के परिशिष्ट I** के अंतर्गत सूचीबद्ध।
- **खतरा:** वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अनुसार, **स्टार टॉरटॉइज़ का 90%** व्यापार **इंटरनेशनल पेट मार्केट** के हिस्से के रूप में होता है।
- **आनुवंशिक अध्ययन:** शोधकर्त्ताओं ने इंडियन स्टार टॉरटॉइज़ के दो अलग-अलग समूहों की पहचान की है:**उत्तर-पश्चिमी (आनुवंशिक रूप से स्थायी)** और **दक्षिणी (आनुवंशिक रूप से विविधता वाला)।**
  - **इनके आनुवंशिक संबंधों** तथा संख्या परिवर्तनों पर निगरानी रखने के लिये **माइक्रोसैटेलाइट मार्करों का** उपयोग किया गया।
  - माइक्रोसैटेलाइट मार्कर ऐसे **छोटे DNA अनुक्रम होते हैं** जिनका जीनोम के **किसी विशिष्ट स्थान पर दोहराव** होता है।

और पढ़ें: इंडियन स्टार टॉरटॉइज़

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-star-tortoise-1